भारत सरकार

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या. 2014

28.07.2014 को उत्तर दिए जाने के लिए

राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम

2014. श्री गरिकपति मोहन राव:

क्या पेयजल और स्वच्छता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) की समीक्षा की है;
(ख) आंध्र प्रदेश तथा तेलंगाना में इस योजना के अंतर्गत कितने गांवों को शामिल किया गया है;
(ग) अगले तीन वर्षों के दौरान इसमें कितने अतिरिक्त गांवों को शामिल किए जाने की संभावना है; और
(घ) इस योजना की क्या उपलब्धियां हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

(श्री उपेन्द्र कुशवाहा)

(क) एवं (ख) जी हाँ। पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय बैठकों का संचालन करके और ग्रामीण जलापूर्ति का कार्य देखने वाले राज्य के विभाग अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेन्स करके समय-समय पर राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्लूपी) के कार्यान्वयन की समीक्षा करता है। वार्षिक कार्य योजना पर किए गए विचार-विमर्श के दौरान अगले वर्ष के लिए अविभाजित आन्ध्र प्रदेश राज्य की प्रगति की समीक्षा मार्च, 2014 में की गई थी। राज्यों से यह कहा गया था कि वे कार्यक्रम के अन्तर्गत लक्ष्यों को हासिल करने में वास्तविक और वित्तीय प्रगति के संबंध में शीघ्र कार्रवाई करें। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी/ तकनीकी अधिकारी भी कार्यक्रम के कार्यान्वयन की प्रगति का अवलोकन करने के लिए राज्यों का दौरा करते हैं।

पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय बसावटों की दृष्टि से ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के कवरेज का अनुवीक्षण करता है। राज्यों द्वारा मंत्रालय की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली पर दर्ज की गई सूचना के अनुसार यह सूचना निम्न प्रकार हैः

क्र.सं.	राज्य	कुल	पूरी तरह से कवर की गई	आंशिक रूप से कवर की गई	गुणवत्ता प्रभावित
		बसावटों की संख्या	बसावटों की संख्या	बसावटों की संख्या	बसावटों की संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	47397	29231	16612	1554
2.	तेलंगाना	25139	13212	10308	1619

(ग) वार्षिक कार्य योजना पर किए गए विचार-विमर्श के दौरान किसी एक राज्य की बसावटों को कवर करने के लक्ष्य वार्षिक आधार पर दिए जाते हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान दोनों ही राज्यों अर्थात् आन्ध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्य को क्रमशः 2744 और 2057 बसावटों को कवर करने का लक्ष्य दिया गया है। बसावटों की इसी तरह की संख्या को वर्ष 2015-16 और 2016-17 में कवर किया जाएगा।

(घ) पिछले तीन वर्षों के दौरान अविभाजित आन्ध्र प्रदेश राज्य के लक्ष्य एवं उपलब्धियां निम्न प्रकार हैं:-

2011-12		2012-13		2013-14	
लक्ष्य	कवरेज	लक्ष्य	कवरेज	लक्ष्य	कवरेज
5700	6183	5477	5699	5772	6378

****